# पुलिस लाइन समेत कई घरों की चोरी का पर्दाफाश

## एक आरोपी गिरफ्तार, बाकी की तलाश, चार मोटर साइकिल समेत कीमती सामान बरामद

**कटनी, देशबन्धु।** पुलिस लाइन कॉलोनी, बेतवा ब्लॉक एवं अन्य ब्लॉकों एवं घरों में चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 4 मोटर साइकिल व अन्य कीमती सामान बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक चोरी की वारदातों पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमती ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधव नगर अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

चोरों ने दो मोटर साइकिल एमपी 21 एमएन 6553 और एमपी 21 एमएम 9623 दोनों बेतवा ब्लॉक से चोरी की थी।



बताया जाता है कि पड़ताल के दौरान अन्य मोटरसाइकिल गर्ल्स कॉलेज के पास लावारिस हालत में मिलीं। चोरों ने पुलिस कॉलोनी में रहने वाले कोतवाली थाना में पदस्थ सतीश कुमार सिंह के घर का ताला तोड़कर सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, और 26,000 नकद चोरी किए गए। इसी तरह से चोरों के द्वारा रीवा जिले और जबलपुर के जैन मंदिर में भी ऐसी ही वारदातें की थी। भौतिक साक्ष्य, डॉग स्क्वाड और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों का पता लगाया गया।

संयुक्त टीम ने कटनी, रीवा, जबलपुर और भोपाल में सघन जांच की। उसी आधार पर भोपाल पुलिस ने मुख्य संदेहियों को हिरासत में लिया, जिससे अन्य साथियों और चोरी की संपत्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। कटनी पुलिस ने रीवा जिले से चोरी गई दो मोटर साइकिल को घटना दिनांक को ही गर्ल्स कॉलेज झिंझरी से बरामद कर ली गई थी एवं एक मोटर साइकिल भोपाल एवं दूसरी मोटर साइकिल धार जिले में बरामद हुई है।

अभी पुलिस के हाथ केवल एक आरोपी ही लगा है, बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। चोरी की वारदातों का सुराग लगाने में अनूप सिंह ठाकुर थाना प्रभारी माधव नगर, दुर्गेश तिवारी उप निरीक्षक चौकी प्रभारी निवार, प्रियंका राजपूत उप निरीक्षक चौकी प्रभारी झिंझरी, सहायक उप निरीक्षक मनोज कूड़ापे, संतोष सिंह एवं आरक्षक शिव पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**कटनी, देशबन्धु।** जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में 8वां फसल बीमा सप्ताह प्रारंभ किया गया है, जो कि 7 दिसम्बर 2024 तक जारी रहेगा । उपसंचालक कृषि श्री मनीष मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2024-25 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक नियत की गई है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है की अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य करवा लें। उन्होंने बताया कि गेहूं की प्रीमियम राशि 675, चना 594 एवं सरसों 510 प्रीमियम राशि प्रति हेक्टयर निर्धारित की गई है। आपने जिले के अऋणी और कालातीत एनपीए कृषक भाईयो से अनुरोध किया है कि अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेन्टर या बैंक के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जैसे कि ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, आधारकार्ड, बटाईदार कृषक के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे- खोटनामा, ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, आधारकार्ड एवं कृषि भूमि स्वामी का आधारकार्ड ले जाकर करवा सकते है।

## गुरुजी से प्राथमिक शिक्षक बनने वाले शिक्षकों के साथ अन्याय

# पहली क्रमोन्नति में वरिष्ठता का निर्धारण ही गलत



**कटनी, देशबन्धु।** गुरूजी संवर्ग में नियुक्त होकर संविदा शाला शिक्षक वर्ग 03, सहायक अध्यापक होते हुए वर्तमान में प्राथमिक शिक्षक बने शिक्षकों की प्रथम क्रमोन्नति के प्रकरण में वरिष्ठता का सही निर्धारण कटनी जिले में नहीं किया जा रहा है। इस समस्या को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी कटनी पीपी सिंह से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे, मनीष सिंह, देवेंद्र तिवारी, रजनीश तिवारी, सुरेश पाठक का तर्क है कि उक्त गुरुजी शिक्षकों के नियुक्ति आदेश जो जनपद पंचायत द्वारा जारी किए गए थे, उनमें स्पष्ट उल्लेख है कि संबंधित शिक्षक की वरिष्ठता की गणना उनके सेवा पात्रता उत्तीर्ण करने के दिनांक से मान्य होगी, परन्तु जिले में इसका पालन नहीं किया जा रहा है अर्थात जिन गुरूजी शिक्षकों ने 17 सितम्बर 2008 में सेवा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनकी वरिष्ठता की गणना उक्त दिनांक से करते हुए ही क्रमोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए। यही स्थिति 22 अक्टूबर 2011 में सेवा पात्रता उत्तीर्ण करने वाले गुरूजी शिक्षकों के साथ होनी चाहिए।

चर्चा के दौरान संगठन नेतृत्व ने अपेक्षा की है कि संशोधित क्रमोन्नति आदेश जारी कर संबंधितों को न्याय प्रदान किया जाए एवं कटनी जिले में शेष रह गए पात्र प्राथमिक शिक्षकों के समस्त लंबित क्रमोन्नति आदेश भी 18 दिसंबर 2024 अर्थात विधानसभा के तारांकित प्रश्न के उत्तर देने का दिनांक तक जारी किये जावें।

प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्वमंत्री मध्य प्रदेश शासन को उनके द्वारा संवर्ग हितैषी तारांकित प्रश्न विधान सभा में उठाने पर आभार व्यक्त करते हुए गुरुजी संवर्ग की वरिष्ठता के मामले में भी दखल देकर संचालक लोकशिक्षण से चर्चा हेतु अनुरोध किया है।

## सार-समाचार

### पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों की बैठक कल

**कटनी, देशबन्धु।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी में ज़िले के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों का 5 दिसम्बर 2024 की सुबह 10.30 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में आई.सी.आई.सी.आई बैंक द्वारा स्पर्श से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना प्रस्तावित है। अतः आप सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त बैठक में शामिल हों। अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी के दूरभाष नं. 07622-223144 पर संपर्क करें।

### शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 12 दिसंबर को

**कटनी, देशबन्धु।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया गया कि मप्र शासन की निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 12 दिसम्बर को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविधालय में 11 बजे से 3 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन जिले के बेरोजगार आवेदको को रोजगार से जोडने हेतु एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक दिवसीय स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप का जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आई0टी0आई0 कटनी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा जिसमें जिले के युवाओ को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी वही दूसरी ओर उन्हें स्वरोजागर से जोडने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजागर संबंधी जानकारी प्रदाय की जाएगी एवं जिले में एवं जिले की बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जावेगा। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता 8 वी से स्नातक तक निर्धारित है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**कटनी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 को जिला न्यायालय कटनी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया है कि नेशनल लोक अदालत में समस्त प्रकार के सिविल प्रकरण एवं समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण रखे जाएंगे तथा न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, धारा 138 एन.आई.एक्ट. धन वसूली, मोटर दुर्घटना, श्रम विवाद, पारिवारिक वैवाहिक मामले के साथ-साथ बैंक, नगर पालिका, विद्युत एवं बी.एस.एन.एल. के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौता के आधार पर किया जाएगा। संबंधित पक्षकार एवं आम जनमानस, जिनके मामले न्यायालय में लंबित है, या न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के पूर्व की स्थिति में है, वे 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी सामंजस्य, राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करवाकर शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

### सनशाइन एकेडमी रायबाड़ा में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



**कटनी, देशबन्धु।** सनशाइन एकेडमी रायबाड़ा का मंगलवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2024 मनाया गया। इस दिन का उद्देश्य खेल और शारीरिक फिटनेस के महत्व को उजागर करना है, जो एक स्वस्थ, अधिक सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए दर्शाता है। मंगलवार को स्पोर्ट्स मीट के दिन अलग-अलग रेस का आयोजन किया गया। क्लास प्ले ग्रुप और पीपीएन के बच्चों के लिए जलेबी रेस और डक रेस का आयोजन किया गया और पीपी-1 और पीपी-2 के बच्चों के लिए सैक रेस का आयोजन किया गया था। सभी सनशाइनर्स ने सभी रेस को बहुत मजा आया। विद्यालय समस्त की शिक्षिकाओं ने बच्चों को स्पोर्ट्स की जानकारी दी। बच्चे जिसे सुनकर बच्चे बहुत ही खुश हुए। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिकाओं के सहयोग से ये कार्यक्रम सफलता से शुभारम्भ हुआ। उन्होंने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन और वाईस प्रिंसिपल श्रीमती शबनम अख्तर की उपस्तिथि रही। उन्होंने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आरआई, पटवारी पर हमला करने वाला पुलिस की पकड़ से अभी तक कोसों दूर

**कटनी, देशबन्धु।** ढीमरखेड़ा के गुड़ी गांव में सीमांकन करने गए राजस्व निरीक्षक और पटवारी से मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राजस्व निरीक्षक संघ और पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में राजस्व निरीक्षक संघ और पटवारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा बताया कि 29 नवंबर 2024 को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ढीमरखेड़ा तहसील के गुड़ा गांव में प्राथमिक स्कूल पेयजल टंकी की भूमि का सीमाकंन करने राजस्व विभाग की टीम पहुंची थी, जहां पर सीमांकन के दौरान आरआई मोहनलाल साहू, पटवा महेन्द्र थूल, दान सिंह प्रधान, मृगेन्द्र शुक्ला और हलका पटवारी नीरज सिंह उपस्थित रहे



राजस्व और पटवारी संघ ने एसपी को ज्ञापन सौंपा, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

जांच के दौरान गूड़ा गांव निवासी महेन्द्र लोनी वहां पर पहुंचा और आरआई और पटवारी से गाली-गलौज करने लगा। युवक ने इस दौरान आरआई और पटवारी मृगेन्द्र शुक्ला के साथ मारपीट की साथ ही पटवारी के पास मौजूद सरकारी रिकार्ड को फाड़ कर फेंक दिया गया ।

इस घटना की शिकायत ढीमरखेड़ा थाने में भी दर्ज कराई गई। जिसमें आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है, लेकिन आरोपी की गिरफ्तार अब तक नहीं हो सकी है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ढीमरखेड़ा के पटवारी संघ तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो पांच दिसंबर के बाद जिले के सभी पटवारी अनिश्चितकाल तक के लिए हड़ताल पर चले जाएंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान राहुल गौतम, महेन्द्र कुमार द्विवेदी, अनुज दाहिया, दादूराम पटैल, मोहनलाल साहू, संतोष दुबे, ब्रजबिहारी दुबे, राजेन्द्र नामदेव, कौशलेन्द्र सिंह, अशोक सिंह बागरी, मोहम्मद नाजिर, मृगेन्द्र शुक्ल, अभिषेक तिवारी, विवेक पांडेय, दान सिंह प्रधान, पवन पटैल, संदीप गर्ग, अनिल गौटिया, दिनेश गुप्ता सहित अन्य पटवारियों की उपस्थिति रही।

# सांसद हिमाद्री सिंह ने उपखंड अधिकारी की पदस्थापना के लिए लिखा पत्र



**उमरियापान, देशबन्धु।** शहडोल सांसद श्रीमति हिमाद्री सिंह ने तहसील बड़वारा में उपखंड अधिकारी की पदस्थापना के लिए कलेक्टर कटनी को पत्र लिखा है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि तहसील बड़वारा में उपखंड अधिकारी की पदस्थापना नहीं होने से ग्रामीणजनों को दैनिक प्रशासकीय कार्यों में परेशानी होती है। वर्तमान में तहसील बड़वारा उपखंड अधिकारी कटनी के अधीन है, जो कि सप्ताह में केवल एक ही दिन उपस्थित हो पाते हैं। भू राजस्व संहिता की धारा 13 उपधारा (3) के अनुसार, जब तक राज्य सरकार अन्यथा निर्देशित न करे, प्रत्येक तहसील उपखंड भी होगी तहसीलदार के अधिकारिता क्षेत्र के प्रसंग में यह क्षेत्र तहसील होगा और उपखंड अधिकारी के सन्दर्भ में वही उपखंड होगा। सांसद श्रीमति सिंह ने आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तहसील बड़वारा में उपखंड अधिकारी की पदस्थापना की मांग की है। सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम ने बताया कि लंबे समय से बडवारा तहसील में उपखंड अधिकारी की पदस्थापना की माँग की जा रही है। पदस्थापना से ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी।

## सनशाइन अकादमी राहुल बाग में हुई बच्चों की स्पोर्ट्स प्रैक्टिस



**कटनी, देशबन्धु।** सनशाइन अकादमी राहुल बाग मे स्पोर्ट्स प्रैक्टिस करवाई गई। बच्चों ने डीपीएस जाकर प्रैक्टिस करी। बच्चों ने स्पोर्ट्स डे की महत्वता को समझते हुए शारीरिक गतिविधियों का भरपूर प्रयास किया। फिजिकल एक्टिविटी का मतलब है कि आप किसी भी तरह का काम कर रहे हैं, जिसमें आपके हाथ-पैर और शरीर गतिशील है, यानी लगातार चल रहे है, एक्टिव है। बच्चों को गतिशील बनाये रखने के लिए स्पोर्ट्स के महत्व को सिखाना अवश्यक है। शारीरिक गतिविधि या फिज़िकल एक्टिविटी का मतलब है, शरीर की ऐसी गतिविधि जिसमें मांसपेशियां संकुचित होती हैं और ऊर्जा की जरूरत होती है। शारीरिक गतिविधि सेहत के लिए बहुत ज़रूरी है। इससे हमारे मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। इस प्रैक्टिस के दौरान स्कूल की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन की उपस्तिथ रही और उन्होंने बच्चो को अपना आशीर्वाद दिया।

# डीपीएस में हुआ वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कटनी, देशबन्धु।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव के अंतर्गत कक्षा पहली से चौथी तक के बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए बुक बैलेंसिंग रेस , तीसरी एवं चौथी कक्षा के बच्चों के लिए टेबल टेनिस, बैडमिंटन और चैस प्रतिगीताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



पुस्तक संतुलन खेल बच्चे को शरीर की गति को नियंत्रित करने, सिर को संतुलित रखने का तरीका सीखने में मदद करता है ताकि किताब बच्चे के सिर पर रहे। संतुलन बच्चों को अपने शरीर को नियंत्रित करने और प्रबंधित करने की अनुमति देता है। बच्चों को अक्सर दौड़ते, तेज़ गति से चलते और ठोकर खाते और गिरते हुए देखा जाता है। शतरंज खेलने के कई फायदे हैं। इससे दिमाग तेज होता है यह गेम आईक्यू लेवल को बेहतर बनाता है। इसके अलावा इस गेम से सीखने की क्षमता भी तेजी से डेवलप होती है। टेबल टेनिस दिल की धड़कन बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करता है, जोड़ों को गतिशील बनाता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिक्रिया समय को तेज करता है और हाथ-आंखों के समन्वय में बहुत सुधार करता है। बैडमिंटन खेलने से बच्चों में तनाव काफी हद तक कम हो सकता है, जिससे उन्हें आराम करने और तनावपूर्ण घटनाओं से अपना ध्यान हटाने में मदद मिलती है। कम उम्र में खेल खेलने से बच्चों में अनुशासन, प्रेरणा, आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास विकसित करने में मदद मिलती है।

बच्चों के लिए खेलों में भाग लेना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे तनाव कम होता है और उनका मूड अच्छा होता है। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक कक्षाओं की शिक्षिकाओं ने बच्चों का उचित मार्गदर्शन किया। खेल प्रशिक्षक रजत जैन, आशिद अली,उमेश अहिरवार सी. बी अहिरवार, काजल गोदवानी ने बच्चो को खेल की बारीकीयाँ सिखाते हुए उन्हे अच्छे से खेलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर ने बच्चों का हौसला बढ़ाया एवं विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व को बताते हुए उन्हें जागरूक किया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीनाती जूही जैन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उपायुक्त एवं रैन बसेरा प्रभारी ने किया आश्रय स्थल का निरीक्षण

**कटनी, देशबन्धु।** मंगलवार को उपायुक्त पीके अहिरवार एवं रैन बसेरा प्रभारी/राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन ने कटनी नगर निगम द्वारा संचालित बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल (रैन बेसरा) का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान रैन बसेरा में चल रहे पेंट, मरम्मत, पेस्ट कंट्रोल कार्य का निरीक्षण कर विधिवत समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# भाजपा संगठन पर्व को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## सभी बूथों पर बूथ कमेटियों का गठन पूरा करने से जिले का प्रदेश में नाम बढ़ा : दीपक सोनी

**कटनी, देशबन्धु।** भाजपा में संगठन के दायित्वों का बदलाव करना एक सतत प्रक्रिया है, संगठन में परिवर्तन से प्रत्येक कार्यकर्ता को अवसर मिलता है। यह बात जिला चुनाव अधिकारी श्री हरिशंकर खटीक ने भाजपा कार्यालय में आयोजित संगठन पर्व अंतर्गत जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। श्री खटीक द्वारा अपेक्षित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा भी निर्देश दिए।

श्री खटीक ने अपने संबोधन में कहा कि क्षमतावान और विचारवान कार्यकर्ता अपने नवीन दायित्व को पाकर समर्पण भाव के साथ भाजपा को मजबूत करने को लेकर प्रयास करता है। जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में संगठन पर्व 2024 को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। संगठन पर्व के अंतर्गत सदस्यता अभियान, बूथ समिति तथा बूथ अध्यक्ष के चुनाव के बाद मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर भाजपा की द्वितीय चरण की कार्यशाला में पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि संगठन पर्व ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा में संगठन ही सर्वोपरि है और बूथ अध्यक्ष कितना महत्वपूर्ण होता है।



कटनी जिले में लगभग सभी मंडलों में बूथ समितियों का गठन पूरा हो गया। कटनी जिला बूथ कमेटियों के गठन में प्रदेश में ऊंचा स्थान प्राप्त कर रहा हैं। जिले के मंडलों में कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से 1168 बूथों पर अध्यक्ष सहित पूरी बूथ समितियों का गठन कर जिले में इतिहास बनाया। कार्यशाला के दौरान बूथ समितियों के गठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी मण्डल अध्यक्ष गणों का जिला चुनाव अधिकारी श्री हरिशंकर खटीक एवं वरिष्ठों ने सम्मान किया।

जिलाध्यक्ष श्री टण्डन ने कहा कि हम सभी मिलकर संगठन पर्व में सर्वसम्मति और समन्वय से मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष बनाकर कार्यकर्ता और संगठन आदर्श है यह साबित करेंगे। इस अवसर पर जिला सह निर्वाचन अधिकारी सुरेश सोनी ने संगठन पर्व के अंतर्गत जिले में चले निर्वाचन कार्य प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता के विवरण को रखा। इस अवसर पर सक्रिय सदस्यता के प्रभारी श्री पीतांबर टोपनानी ने कहा कि जिले में सभी मण्डल अध्यक्षगण, कार्यकर्ताओं द्वारा 1963 सक्रिय सदस्यों को बनाया गया है उन्होंने सभी का अभिनंदन किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने किया।

कार्यशाला में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला निर्वाचन अधिकारी हरिशंकर खटीक, सह निर्वाचन अधिकारी सुरेश सोनी, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, राजेश गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।